Mahatma Gandhi Shati Smarak Mahavidyalaya,

Garua Maksoodpur, Ghazipur

Extension Activities

Fostering Spirit of Nationalism through Independence Day Celebration

15 August 2021

प्रथम एक दिवसीय शिविर, दिनांक 15.08.2021, स्वतंत्रता दिवस

आज के शिविर के कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबन्धक केशव प्रसाद राय ने महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण करके किया। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रमाशंकर यादव, प्राचार्य डॉ० सुशील कुमार तिवारी, डॉ० नितेश कुमार पाण्डेय, श्री राजीव कुमार, श्री सुभाष चन्द्र यादव के साथ इत्यादि प्रवक्तागण रहे।

ध्वजा–रोहण समारोह के बाद राष्ट्र–गान 'जन–मन–गण' गाया गया । स्काउटों के बैण्ड ने राष्ट्रधुन बजाई । संस्थापक तथा प्राचार्य ने संक्षिप्त भाषण दिए । उन्होंने अपने भाषण में स्वतन्त्रता दिवस के महत्त्व और देश के प्रति हमारे कर्त्तव्य पर प्रकाश डाला । इसके बाद रोहण समारोह समाप्त हुआ। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं पूनम यादव, ममता यादव, पूजा, लक्ष्मी, बबली, प्रीती, इत्यादि ने रा०से०यो० गीत एवं देशभक्तिगीत एवं राष्ट्रगान का गान किये।

इसके बाद प्राचार्य ने हम लोगों को खेल के मैदान मे एकत्रित होने को कहा। वहां कुछ खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रबन्ध किया गया था। यह खेल बड़े उत्साहपूर्वक खेले गए। जिन लोगों को विभिन्न खेलकूदो में प्रथम व द्वितीय स्थान मिला, उन्हें संस्थापक महोदय ने पुरस्कार दिए ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि समस्त छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस एक ऐतिहासिक पर्व है, आज से 74 वर्ष पूर्व भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली थी। भारत, जिसने अपना अस्तित्व खो दिया था, को पुनः अपनी पहचान मिली। अंग्रेज भारत आए और यहां के परिवेश को बड़े ध्यान से जानने और परखने के बाद, हमारी कमजोरियों को ध्यान में रखते हुए हम पर आक्रमण किया और करीब दो सौ वर्षों तक शासन किया। हमारे वीर योद्धाओं ने कई लड़ाईयां लड़ी और उसके बाद जाके 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली। तब से लेकर आज तक, हम हर वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते आए हैं। इसके बाद सभी ने अल्प जलपान किया।

कार्यक्रम अधिकारी (रा०से०यो०)
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरूआ, मकसूदपुर-गाजीपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना, वार्षिक आख्या प्रस्तुत, सत्र 2021-22

महात्मा गाँधी शती स्मारक महाविद्यालय

गरुआ, मकसूदपुर, गाजीपुर

कार्यक्रम अधिकारी (रा०से०यो०)
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरुआ, मकसूदपुर-गाजीपुर

प्राचार्य
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरुआ, मकसूदपुर-गाजीपुर